Title: Need to set up a mineral smelting plant in Singhbhum parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम के चिड़िया आयरन और माइन्स मनोहरपुर में इतना खनिज पदार्थ है, जो पांच हजार वर्ा तक खुदाई करने के बाद भी समाप्त नहीं हो सकता है। आजादी के 54 साल के बाद भी यहां पर न तो बिजली है और न ही पक्की सड़कें हैं। इन सब कारणों से यहां पर खुदाई का कार्य अच्छे ढंग से नहीं हो रहा है। यहां पर जो खनिज पदार्थ हैं, उनको यहां से काफी दूर बर्नपुर में गलाया जाता है। अगर यहां पर ही एक फैक्ट्री इन खनिज पदार्थों को गलाने हेतु शुरु कर दी जाए तो यहां के स्थानीय आदिवासी लोगों को रोजगार मिलेगा और यहां के पिछड़े क्षेत्र को विकास के अवसर भी मिलेंगे तथा साथ ही सरकार को परिवहन व्यय में बचत होगी एवं परिवहन के दौरान जो कच्चा माल बेकार जाता है, उसे भी बचाया जा सकता है।

अत: सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त विचारों पर तत्काल कार्यवाही की जाए।